तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

12 मंत्री केदार कश्यप ने तोतर व कांगा में 17 करोड़ ...

13 टोल प्लाजा से निकलते ही वाहन मालिकों को मोबाइल ...




## खबर संक्षेप



### कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर बैठक में हुई चर्चा

**जगदलपुर।** जिले में कन्या भ्रूण हत्या रोकने और लिंगानुपात को नियंत्रित करने की दिशा में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के तहत पुनर्गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक की गई। बैठक में अधिनियम के तहत पंजीयन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने डिमरापाल स्थित कॉन्टिनेटल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं से प्राप्त आवेदनों पर चर्चा की। समिति ने संस्थाओं के प्रस्तावों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम के कड़े मापदंडों की कसौटी पर परखा। यह अधिनियम 1994 विशेष रूप से गर्भधारण से पूर्व या बाद में लिंग चयन और जांच पर पूर्ण प्रतिबंध लगाता है, ताकि समाज में बेटियों के अस्तित्व को सुरक्षित रखा जा सके। समिति द्वारा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी और निरंतर कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। जिला सलाहकार समिति की बैठक में स्वास्थ्य और प्रशासनिक अमले के साथ-साथ सामाजिक कार्यकतार्ओं की भी महत्वपूर्ण भागीदारी रही। डॉ. संजय बसाक और पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. भंवर शर्मा के नेतृत्व में हुई इस चर्चा में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सी. मैत्री तथा आईडीएसपी नोडल अधिकारी डॉ. वी के. ठाकुर ने तकनीकी सुझाव रखे।

# बस्तर कलेक्टर हरीश एस ने छात्रों को बताया हार अंत नहीं, शुरुआत होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परीक्षा के मौसम में जब असफलता का डर छात्रों के आत्मविश्वास को तोड़ देता है,उसी समय बस्तर में एक ऐसी पहल सामने आई,जिसने सैकड़ों युवाओं की आंखों में फिर से सपने जगा दिए। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस विशेष संवाद कार्यक्रम में बस्तर कलेक्टर हरीश एस ने लगभग साढ़े चार सौ स्कूली और महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। यह कोई औपचारिक भाषण नहीं,बल्कि जीवन की सच्चाइयों से भरा ऐसा संवाद था, जिसने बच्चों को यह समझा दिया कि एक परीक्षा का परिणाम जीवन की अंतिम लकीर नहीं होता। कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण तब आया, जब कलेक्टर ने अपनी जिंदगी की वह सच्चाई साझा की,जिसे बहुत कम लोग जानते हैं। उन्होंने बताया कि वे डॉक्टर बनना चाहते थे,लेकिन मेडिकल प्रवेश परीक्षा में महज 0.75 अंकों से चूक गए। यह वह पल था, जिसने उनके सपनों को तोड़ दिया। करियर विकल्पों की सही जानकारी न होने के कारण उन्होंने मजबूरी में मैकेनिकल इंजीनियरिंग की और बाद में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में नौकरी भी कर ली,जिसका उनकी पढ़ाई से कोई सीधा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पौने अंकों की टीस से आईएएस बनने तक का सफर

### बस्तर के युवाओं की सीमित सोच

उन्होंने बस्तर के युवाओं की सीमित सोच पर भी चिंता जताई। कलेक्टर ने कहा कि यहां के अधिकांश बच्चे अपने भविष्य को केवल पांच विकल्पों में समेट देते हैं पुलिस,शिक्षक, डॉक्टर,इंजीनियर या सरकारी कर्मचारी। उन्होंने छात्रों को आगाह किया कि आज का युग स्टार्टअप,इनोवेशन और उद्यमिता का है। बस्तर का असली विकास सड़क, पुल या इमारतों से नहीं, बल्कि यहां की आने वाली पीढ़ी की सोच से होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि वे इंटरनेट, शिक्षकों और मार्गदर्शकों की मदद से अपनी वास्तविक रुचि पहचानें,ताकि वे नौकरी मांगने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें।



### परीक्षा की तैयारी से जुड़े व्यवहारिक टिप्स साझा किए

कार्यक्रम में सहायक कलेक्टर विपिन दुबे ने भी परीक्षा की तैयारी से जुड़े व्यावहारिक टिप्स साझा किए। उन्होंने बताया कि दबाव में नहीं, बल्कि शांत मन और सही रणनीति के साथ की गई पढ़ाई ही असली सफलता दिलाती है। पूरे कार्यक्रम स्थल पर लगे बैनरों जीवन बहुत बड़ा है,एक परीक्षा सब कुछ नहीं' और 'डर के आगे जीत है,ने वातावरण को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया।

संस्कृति, पंरपरा हमारी पहचान, जिसपर हमें गर्व है

# बस्तर पंडुम से हमारे खान-पान और रीति-रिवाज दुनिया में उजागर : देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकासखण्ड जगदलपुर के आसना स्थित बादल में आयोजित उत्सव में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने बस्तर की विरासत को भावी पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

■ विकासखण्ड जगदलपुर में बिखरी लोक संस्कृति की छटा

जगदलपुर विकासखंड के आसना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने भावुक अपील की। उन्होंने कहा बस्तर की संस्कृति और परंपराओं को बनाने में हमारे पूर्वजों की कई पीढ़ियां लगी हैं। उन्होंने न केवल रीतियों को, बल्कि यहां के प्राकृतिक संसाधनों को भी संरक्षित किया। देव ने कहा हमारी संस्कृति हमारी पहचान है हमें हमारी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। देव ने कहा कि आज बस्तर पण्डुम के माध्यम से हमारी खान-पान और रीति-रिवाज दुनिया के सामने आ रहे हैं।



उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार ने हमें एक ऐसा मंच दिया है, जिससे हमारी पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल रहा है। यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम अपनी नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति से अवगत कराएं। मुख्यमंत्री को बस्तर पंडुम के आयोजन के लिए साधुवाद दिया। विधायक ने बस्तर की विविधता को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां हर 10 किलोमीटर पर बोली, भाषा, रहन-सहन, सभ्यता, पहनावा और संस्कृति बदल जाती है। उन्होंने कहा पूरे विश्व की नजर आज बस्तर पर है। देव ने नक्सलवाद के खात्मे और विकास कार्यों में तेजी की बात करते हुए कहा अब बस्तर का आदिवासी जंगल में जाने से नहीं डरता। हम तेजी से देवगुड़ियों का निर्माण कर रहे हैं। हमें हिंदी और अंग्रेजी जरूर सीखनी चाहिए, लेकिन अपनी स्थानीय बोली और भाषा को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। बस्तर की हर वनस्पति औषधीय गुणों से भरपूर है, जिस पर हमें गर्व होना चाहिए। बादल ▶▶| शेष पेज 12 पर

### आदिवासी संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम

आसना के बादल में आदिवासी संस्कृति और परंपरा का एक ऐसा अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने छत्तीसगढ़ के बस्तर की सोंधी मिट्टी की महक से रूबरू करा दिया। बस्तर पण्डुम के नाम से आयोजित इस भव्य कार्यक्रम की शुरूआत आस्था और विश्वास के प्रतीक माई दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना की जिसके बाद पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस आयोजन का आकर्षण केवल नृत्य और संगीत तक सीमित नहीं था, बल्कि बस्तर के जंगलों का दुर्लभ स्वाद भी यहां प्रमुखता से छाया रहा।

### आईईडी समेत 10 किग्रा के 3 पाइप बम बरामद

**गीदम।** कुर्सिंगबहार गांव के निकट जंगल में 195 एवं 111 बटालियन ने सुबह अनिल कुमार सिंह, कमांडेन्ट, विवेक कुमार सिंह, द्वि कमाण्ड अधिकारी एवं विक्रांत वर्मा, द्वि कमाण्ड अधिकारी (परि) के नेतृत्व में संयुक्त एरिया डॉमिनेशन तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक आईईडी बरामद हुई। तलाशी के दौरान आईईडी स्थल से लगभग 25 मीटर दूर 3 पाइप बम प्रत्येक लगभग 10 किलोग्राम बरामद किया ▶▶| शेष पेज 12 पर











## खबर संक्षेप



### कलेक्टर ने सड़क उन्नयन कार्य का लिया जायजा

कोण्डागांव। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को केशकाल नगर में चल रहे सड़क मार्ग उन्नयन कार्य का गहन निरीक्षण किया और कार्य में प्रगति लाने के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने अतिक्रमण हटाने को लेकर किए जा रहे कायोंर् और आ रही परेशानियों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, केशकाल एसडीएम आकांक्षा नायक, जनपद पंचायत केशकाल के सीईओ अनुराग सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विवाह योग्य मराठा युवक युवती परिचय सम्मेलन आज

केशकाल। छत्तीसगढ़ मराठा समाज, रायपुर (छ.ग.) के कुशल मार्गदर्शन मे-जिला मराठा समाज राजिम (गरियाबंद) के सौजन्य से 18 जनवरी को श्री खण्डोबा, आई तुलजा भवानी मंदिर, राजिम में श्री खण्डोबा मंदिर राजिम में रजत जयंती स्थापना दिवस का आयोजन के साथ ही छत्तीसगढ़ स्तरीय विवाह योग्य मराठा युवक-युवती परिचय सम्मेलन-2026 का आयोजन हो रहा है। उक्त सम्मेलन का यह प्रयास समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का पारिवारिक सबंध होवे । यह कार्य सभी सामाजिक सदस्यों के सहयोग से सफल हो रहा है। छत्तीसगढ़ मराठा समाज के निर्णयानुसार विवाह योग्य युवतियों का पंजीयन कराना होगा तथा सम्पूर्ण बायोडाटा तक अपने निकटतम जिले के अधिकृत प्रतिनिधि के पास जमा कराना होगा।

### पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट मैच स्पर्धा का हुआ शुभारंभ



फरसगांव। नगर पंचायत के आश्रित ग्राम पासंगी में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट मैच प्रतियोगिया का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ शनिवार को मुख्य अतिथि नगर पँचायत अध्यक्ष प्रशान्त पात्र सहित अन्य जनीतिनिधियो की उपस्तिथि में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष मुलचन्द पांडे के द्वारा किया गया । उद्घाटन मैच आदर्श फरसगांव और कोनगुड के मध्य खेला गया। इस दौरान ग्राम पटेल ललित पांडे,पुजारी घाशुराम नाग, पार्षद सुकालू मरकाम, विनोद पांडे, फरसगांव भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मुकेश पांडे, दिनेश सेठिया, सीदेश सेठिया, कमलेश पांडे सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### गुहा जयंती कार्यक्रम में पहुंचे विधायक

जगदलपुर। निषाद समाज के गुहा जयंती कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल हुए। दलपत सागर चौक स्थित राम मंदिर में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को विधायक ने गुहा जयंती की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा समाज के लिए जिस तरह के सहयोग की आवश्यकता होगी उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान राजेश श्रीवास्तव, यशवर्धन राव एवं समाज के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### ठाकुर अनुकूल चन्द्र का जन्मोत्सव आज

जगदलपुर। शहर के सत्संग विहार के तत्वाधान में आचार्य देव के शुभागमन के उपलक्ष में 18 जनवरी को परम प्रेम्मय श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र के 138 वां जन्म महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी विहार के समन्वयक श्रीराम मालवीय एवं सह प्रति ऋत्विक शंकर पाल ने दी।

# प्रभारी सचिव ने कोंडागांव में शिक्षा व्यवस्था, एसआईआर व बिहान गतिविधियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले के प्रभारी सचिव भीम सिंह शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे पर कोंडागांव पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले की शिक्षा व्यवस्था, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम तथा बिहान समूहों द्वारा संचालित गतिविधियों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। प्रभारी सचिव श्री सिंह ने कनेरा रोड स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, कोंडागांव का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना भी उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यालय की लाइब्रेरी का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद किया। विद्यार्थियों की रुचि के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश प्राचार्य को दिए। साथ ही कक्षाओं एवं पेयजल व्यवस्था का भी जायजा लिया। इसके पश्चात प्रभारी सचिव ने उड़ान स्थित बिहान समूह द्वारा संचालित 'मोर सुवाद' रेस्टोरेंट का अवलोकन किया। उन्होंने समूह की महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि इस पहल से उनकी आमदनी में वृद्धि हुई है। श्री सिंह ने स्वयं सहायता समूह द्वारा तैयार व्यंजनों का स्वाद चखते हुए महिलाओं के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर तथा डीएमसी इमल बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक दिवसीय दौरे पर कोंडागांव पहुंचे प्रभारी सचिव



### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रक्रिया देखी

प्रभारी सचिव श्री सिंह ने जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम का भी अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ से प्रक्रिया की जानकारी ली तथा एएइआरओ से वेरिफिकेशन दस्तावेजों की जांच की। दौरे के क्रम में प्रभारी सचिव ने गांधी वार्ड स्थित पी.एम. श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा कक्षा 9वीं के छात्रें से संवाद किया। छात्रें ने खेल सामग्री एवं खेल मैदान की कमी की जानकारी दी। प्रभारी सचिव ने लाइब्रेरी में उपयोगी पुस्तकों की उपलब्धता, शौचालय एवं बाथरूम की साफ–सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## तोतर को 3.13 करोड़ और कांगा को 13.95 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की मिली सौगात

# मंत्री केदार कश्यप ने तोतर व कांगा में 17 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने शुक्रवार को कोंडागांव जिले के सुदूर अंचल स्थित ग्राम तोतर एवं ग्राम कांगा में कुल 17 करोड़ 9 लाख 76 हजार रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात देते हुए शुभकामनाएं दीं।

■ सुदूर अंचल के विकास को मिली नई गति

वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि स्टॉपडेम एवं पुलिया निर्माण से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेती–किसानी को सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और लखपति दीदी योजना के माध्यम से उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत किया जा रहा है। जी राम जी योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को 125 दिनों के रोजगार की गारंटी दी जा रही है। सभी योजनाओं की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खातों में पहुंचाई जा रही है।



कोण्डागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तोतर में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आधारभूत संरचना के विकास के लिए 3 करोड़ 13 लाख 87 हजार रुपये की लागत के 16 विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें देवगुड़ी, सामुदायिक शेड, सांस्कृतिक मंच, पुलिया एवं स्टॉपडेम निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

ग्राम कांगा में 13 करोड़ 95 लाख 89 हजार रुपये की लागत से 6 प्रमुख विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इनमें डामरीकृत सड़कों का निर्माण, सामुदायिक शेड, देवगुड़ी निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य शामिल हैं, जिससे क्षेत्र में आवागमन एवं मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत 26 स्कूली छात्राओं को सायकल वितरित की गई, जिससे उन्हें शिक्षा के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी।

### जनप्रतिनिधियों ने भी किया संबोधन

जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम एवं उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों से अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद सदस्य रूद्र प्रताप ठाकुर, रामकुमारी कोर्राम, पवन कोर्राम, रामचंद्र कश्यप, रामकुमार कोर्राम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# संभाग स्तरीय युवा संसद में कोण्डागांव बना सिरमौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का ऑडिटोरियम गुरुवार को संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025–26 का साक्षी बना। युवा प्रतिभागियों ने संसद की कार्यवाही, प्रश्नकाल और पक्ष–विपक्ष की बहसों का जीवंत मंचन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कड़े मुकाबले के बीच कोण्डागांव जिले ने सर्वश्रेष्ठ संसदीय प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और बस्तर संभाग में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। प्रतियोगिता में सुकमा जिले के प्रतिभागियों ने तार्किक और सशक्त प्रस्तुति देते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कांकेर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रतियोगिता में बस्तर संभाग के सभी सात जिले बस्तर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर, कांकेर एवं कोण्डागांव के 40–40 प्रतिभागियों के दल शामिल हुए। कुल 280 युवाओं ने संसदीय कार्यप्रणाली का प्रभावी प्रदर्शन किया।

### विशेषज्ञ निर्णायक मंडल ने किया मूल्यांकन

प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन संसदीय भाषा, अनुशासन एवं विषय की समझ के आधार पर गठित विशेष निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में डॉ. सोनाली कर, डॉ. चेतना पद्माक्षी ठाकुर, डॉ. नीता मिश्रा, डॉ. रेशमा कौशल एवं डॉ. विनीता पाण्डेय शामिल रहीं।

## वाहनों में जीपीएस, सीसीटीवी, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्रों की गई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परिवहन विभाग नई बस के पंजीकरण और संचालन की वैधता सुनिश्चित करने, सुरक्षा मानकों का पालन करवाने और यात्रियों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए एक नियमित प्रक्रिया है। बस सुप्रीम कोर्ट और मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का पालन कर रही है या नहीं, खासकर यात्रियों की संख्या और खड़े होकर यात्रा करने की सुविधा देखी। सीटों की संख्या और उनकी बनावट को जांचा, बस के अंदरूनी हिस्से की लंबाई, चौड़ाई और गलियारे की चौड़ाई माप देखा। इस दौरान जीपीएस, सीसीटीवी,, स्पीड गवर्नर, अग्निशमन यंत्र और आपातकालीन खिड़की जैसी चीजों को भी जांच की। साथ ही सीटों की संख्या की गिनती करते हैं ताकि बस ओवरलोड न हो सके। आरटीओ ने कहा कि बस में यात्रियों के बैठने और खड़े होने की पर्याप्त जगह हो, जिससे दुर्घटना की स्थिति में भीड़ न हो और सभी सुरक्षित रहें।



**नए वाहनों की कर रहे जांच:** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि नए वाहनों की परीक्षण कर जांच की जा रही है। वाहनों की जांच के बिना परमिट नहीं दिया जाएगा।

## नशीली कैप्सूल जब्त, बोधघाट में एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जारी अभियान में सफलता मिली है। नशीली कैप्सूल का बिक्री करने वाले आरोपी को प्रतिबंधित दवा ट्रामोडोल स्पास्मो प्रॉक्सीवोन के साथ गिरफ्तार किया गया है।

■ एनडीपीएस एक्ट के मामले में जा चुका है जेल

17 जनवरी की सुबह थाना बोधघाट में मुखबिर से सूचना मिलने पर मिशन स्कूल के पीछे थाना प्रभारी लीलाधर राठौर के नेतृत्व में थाना की टीम सूचना की तस्दीक करने पहुंची। पूछताछ करने पर मोहम्मद सिराज 29 साल महादेव घाट शिवमन्दिर वार्ड जगदलपुर का निवासी बताया। तलाशी लेने पर झोले में 30 पत्ते में कुल 240 नग वजन 160.8 ग्राम प्रतिबंधित ट्रामोडोल स्पास्मो प्रॉक्सीवोन नशीली कैप्सूल जिसका खुदरा मूल्य लगभग 12,86,400 रुपए को बरामद कर जप्त किया गया। वहीं आरोपी को आज विशेष न्यायालय एनडीपीएस जगदलपुर में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।



### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

एसपी के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक गीतिका साहू के पर्यवेक्षण में इस सफलता में निरीक्षक लीलाधर राठौर, उप निरीक्षक लोकेश्वर नाग, प्रमोद ठाकुर, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, म. प्र. आरक्षक वर्षा साहू, आरक्षक भैरव सिन्हा, युवराज ठाकुर, रामचंद्र साहू, थानेंद्र सिन्हा, अजीत सरकार शामिल थे।

## संभाग के प्रथम ई-ट्रैक का निर्माण शुरू, बोर्ड के ईई ने किया निरीक्षण

जगदलपुर। बस्तर संभाग का पहला ई-ट्रैक निर्माण कार्य बस्तर जिले के गरावंडकला में हाऊसिंग बोर्ड की ओर शुरू किया। निर्माण कार्य का निरीक्षण बोर्ड के कार्यपालन अभियंता ने किया है। विदित हो कि भारत सरकार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय नई दिल्ली एवं सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में जिले में मोटरयानों के निरीक्षण एवं प्रमाणन सेंटर तथा ऑटोमेटिक ड्रायविंग परीक्षण प्रणाली (ई-ट्रैक) स्थापित किया जा रहा है। आरटीओ कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बस्तर संभागीय मुख्यालय में ई-ट्रैक निर्माण के लिए परिवहन विभाग ने सबसे पहले आड़ावाल में भूमि चयनित किया पर ग्राम पंचायत ने उस भूमि को खेल मैदान स्वीकृत किया। उसके बाद विभाग ने सरगीपाल में ई-ट्रैक के लिए भूमि चयनित किया पर वह भूमि छोटे-बड़े जंगल होने से यह भूमि निरस्त हो गई, अब परिवहन विभाग ने जिले के गरावंडकला में निर्माण कार्य शुरू किया। हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता एमके सोम ने ठेकेदार को ई-ट्रैक का निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने का निर्देश दिया। निर्माण कार्य के गुणवत्ता में समझौता नहीं किया जाएगा।



## वनभूमि पर कब्ज, 100 मकान हटाए, अमले पर किया पथराव

बीजापुर। नगर पालिका परिषद बीजापुर अंतर्गत नया बस स्टैंड के पीछे चट्टान पारा से लगे क्षेत्र में वन मद की भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की। यह कार्रवाई दो दिनों तक चली, जिसमें लगभग 100 अवैध मकानों को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान नक्सल प्रभावित कुछ परिवारों के आवास भी हटाए जाने के सवाल पर स्थिति स्पष्ट करते हुए तहसीलदार पंचराम सलामे ने बताया कि सलवा जुडूम के दौरान नक्सल प्रभावित परिवार शांति नगर, शिविर पारा (गंगालूर रोड) एवं पनारापारा जेल बाड़ा क्षेत्र में बसे हुए है। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा चट्टान पारा क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासन को यह जानकारी मिली है कि कुछ लोगों ने पूर्व में कब्जा की गई भूमि को बेचकर पुनः अवैध अतिक्रमण किया, जो कि गंभीर और दंडनीय विषय है। कुछ डीआरजी जवानों के मकान तोड़े जाने को लेकर उठे सवालों पर तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन द्वारा उनके लिए आवश्यक व्यवस्था करने की जानकारी मिली है। तहसीलदार ने बताय कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा विरोध करते हुए पथराव किया गया, हालांकि प्रशासनिक सतर्कता से स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया। शासकीय एवं वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।



अस्पताल के सामने एकत्रित होकर गेट को खोलने का किया विरोध

## काम से निकालने की चेतावनी देने पर कर्मियों ने की हड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

डिमरापाल स्थित मेकाज के सामने नवनिर्मित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सिक्योरिटी और सफाई का काम करने वाले कर्मचारी को काम से निकाल देने की चेतावनी के बाद नाराज होकर कर्मचारियों ने शनिवार को अनिश्चितकालीन हड़ताल किया। अस्पताल के सामने एकत्रित होकर गेट को खुलने का विरोध किया गया, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल को भी अस्पताल में तैनात कर दिया गया है। अस्पताल की हाउसकीपिंग सुपरवाइजर कृष्णा नाग ने बताया कि वे पिछले डेढ़ साल से अस्पताल में कार्यरत हैं, नए टेंडर के तहत उन्हें लेने से इंकार किया जा रहा है। इस पर कहा कि पहले पिछले कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाए, जिसके बाद आगे की भर्ती कराई जाए। प्रबंधन केवल आधे कर्मचारियों को लेने की बात कह रहा है, लेकिन सभी को वापस काम में लेने की मांग है। अस्पताल के गेट में ताला जड़कर विरोध किया जा रहा है, जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हड़ताल जारी रहेगी। सिक्योरिटी इंचार्ज संतोषी मंडावी ने बताया कि आने वाली कंपनी केवल 40 लोगों को लेने की बात कह रही है। इस मामले को लेकर सभी जिम्मेदार अधिकारियों से बातचीत की गई। बस्तर के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से की गई, लेकिन आश्वासन के अलावा और कुछ नहीं मिला। इसके चलते अस्पताल के सामने हड़ताल किया जा रहा है।

### हड़ताल हुई समाप्त

सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. टीकू सिन्हा ने बताया कि टेंडर समाप्त होने के चलते को लेकर कर्मियों ने हड़ताल की, पर हड़ताल कर्मियों से बातचीत के बाद हड़ताल समाप्त हो गई।

## चार दिवसीय आयोजन में खेल, संस्कृति का भव्य संगम

# मसोरा में धूमधाम से मना वार्षिक उत्सव, झलकी बस्तर की लोक परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव के समीपस्थ ग्राम मसोरा स्थित जंगो रायतार इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव गोटुल वड़सा पंडुम का आयोजन 11 से 14 जनवरी तक बड़े हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। चार दिवसीय इस आयोजन का समापन रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। दिवस के साथ किया गया, जिसमें छात्र–छात्रओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य प्रतियोगिताएं दौड़, लंबी कूद, खो–खो, कबड्डी, रस्साकशी इन खेलों का उद्देश्य बच्चों में टीम भावना, अनुशासन और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना रहा। मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने स्थानीय जनजातीय संस्कृति और आधुनिक शिक्षा के समन्वय को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रमुख प्रस्तुतियां बस्तरिया लोकगीत और देशभक्ति गीत, ढोल और बांसुरी की धुन पर सुआ व कर्मा नृत्य, सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटक नाटकों में 'शिक्षा का महत्व' और 'पर्यावरण संरक्षण' जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।




### मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

समापन समारोह में खेल और शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा।

### शिक्षा के साथ संस्कृति का सुंदर संगम

गोटुल वड़सा पंडुम उत्सव ने यह संदेश दिया कि आधुनिक शिक्षा के साथ पारंपरिक संस्कृति का संरक्षण भी उतना ही जरूरी है। कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास, सांस्कृतिक गर्व और सामाजिक जागरूकता का संचार हुआ, जिससे पूरा क्षेत्र उत्साह और गर्व से भर उठा।

### इनके सहयोग से कार्यक्रम रहा सफल

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत राय सहित सभी शिक्षकों रमा मरकाम, रैमती मरकाम, कौसल्या मरकाम, दुलेश्वरी साहू, डोली चौहान, यशोदा मरकाम, उज्ज्वला पोयाम, पायल ध्रुव, अंजू राना, जमुना मरकाम, प्रीति राजपूत, फुलेश्वर नेताम, पिलाराम नेताम, जितेंद्र नेताम का विशेष योगदान रहा।

### इनकी रही विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सी.आर. नेताम, मनीराम नेताम, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. एम.एस. नेताम, डॉ. देवेंद्र ठाकुर नेताम हॉस्पिटल कोंडागांव, डॉ. राजेन्द्र राज शोरी शिशु रोग विशेषज्ञ, जगदलपुर, डॉ. कृष्णा कुमार मरकाम, डॉ. डी.आर. मंडावी उपस्थित रहे। साथ ही जंगो रायतार कल्याण समिति के अध्यक्ष बुधाराम मरकाम, सचिव पिलाराम मरकाम, जनपद सदस्य जयराम मरकाम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### बस्तर कलेक्टर हरीश ...

संबंध नहीं था। उन्होंने साफ कहा कि उनके जीवन के चार साल व्यर्थ चले गए,लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। खुद को टटोला,अपनी कमजोरियों को समझा,यूपीएससी की तैयारी शुरू की और अंततः आईएएस बनकर देश की सेवा के रास्ते पर निकल पड़े। उन्होंने छात्रों को यह भी समझाया कि सफलता की कोई उम्र नहीं होती। कोई 30 साल में सफल होता है,तो कोई 50 में लेकिन जो व्यक्ति लगातार प्रयास करता है, उसकी जीत तय होती है। उन्होंने कहा कि असफलता कोई दीवार नहीं,बल्कि वह सीढ़ी है, जिससे चढ़कर ही इंसान ऊंचाई तक पहुंचता है।इस दौरान अनुविभागीय दंडाधिकारी गगन शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, तहसीलदार जॉली जेम्स,जनपद पंचायत सीईओ भानुप्रताप चुरेंद्र, खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ नारायण नाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी तरुणपाल लहरे, एबीईओ सुशील तिवारी,रेडक्रॉस जिला उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर चेरियन सहित बड़ी संख्या में शिक्षक,अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे।

### आईईडी समेत 10 ...

गया। वहीं लगभग 50 मीटर दूर 4 खाली 5 लीटर क्षमता वाले कूकर मिले। सभी बरामद आईईडी को सुरक्षाबलों ने नष्ट कर दिया। उसके बाद जवान सुरक्षित लौट आए।

### बस्तर पंडुम से ...

में अतिथियों का स्वागत परंपरागत रूप से किया गया। वहीं कार्यक्रम का शुभारंभ देवी-देवताओं के आह्वान के साथ किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक बाजा मोहरी की धुन पर देवी देवताओं का आह्वान किया गया।

शामिल रहे : इस दौरान राजाराम तोडेम एवं अरविंद नेताम ने बस्तर पंडुम के संबंध में अपनी बात रखी। इस दौरान बेवरेज अध्यक्ष श्रीनिवास राव,जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे,जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, पूर्व मंत्री अरविंद नेताम, राजाराम तोडेम,दशरथ कश्यप, पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद पंचायत सदस्य, संरपंच एवं समाज प्रमुख के अलावा एसडीएम ऋषिकेश तिवारी, जनपद पंचायत सीईओ अमित भाटिया व काफी संख्या में जनमानस उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### टोकन के बाद भी तहसीलदार पटवारी कर रहे जांच

**घाटलोहंगा।** एक तरफ बस्तर पंडूम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर किसान आर्थिक संकट और मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है।



डबल इंजन सरकार का असली मकसद क्या है, यह किसान और आम जनता की समझ से परे है। इसी मुद्दे को लेकर बस्तर जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धान खरीदी को लेकर किसानों के समक्ष उत्पन्न गंभीर समस्याओं पर शासन–प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। वर्तमान में किसानों का धान बेचने हेतु टोकन पहले ही कट चुका है, इसके बावजूद पटवारी और नायब तहसीलदार किसानों के घर–घर जाकर धान के साथ फोटो खींच रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल अनावश्यक है, बल्कि किसानों के लिए मानसिक प्रताड़ना का कारण भी बन रही है। इससे ऐसा प्रतीत होता है मानो भाजपा शासन और प्रशासन किसानों को चोर की नजर से देख रहा हो, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत, पसीने और लगन से फसल उगाता है। दिन–रात खेतों में परिश्रम करने के बाद जब उसकी धान की फसल तैयार होती है, तब उसे इस तरह की संदेहपूर्ण जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। किसानों को बार–बार यह साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है कि उनका धान वैध है, जबकि वे स्वयं उस धान के उत्पादक हैं।

### मॉडल जीपीडीपी का हुआ प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** जनपद पंचायत कुआकोंडा में जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ष 2025-26 की पंचायत विकास योजनाओं के प्रभावी निर्माण और क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक एवं पीएचई मैकेनिक की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और समन्वित विकास की अवधारणा को मजबूत करना रहा।

# वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन ने सुदृढ़ किया संगठनात्मक ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

■ बीजापुर में हुई बैठक, जिला स्तर पर नई नियुक्तियाँ सर्वसम्मति से घोषित



वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रेरणा से संचालित संगठनों के परिवार का हिस्सा है, ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। वनवासी परिवारों के कल्याण एवं सांस्कृतिक उत्थान को समर्पित इस फाउंडेशन की अहम बैठक पारस ट्रेडर्स के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिलीप लुकड ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से जिला स्तर पर नई नियुक्तियाँ की गईं।

श्रीनिवास रेड्डी को जिला अध्यक्ष, पुरुषोत्तम शाह को जिला महामंत्री तथा चंद्रशेखर रेड्डी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक का संचालन प्रदेश प्रांत संयोजक हेमलाल सारवा एवं प्रदेश महामंत्री सजन दीवान के मार्गदर्शन में हुआ। नियुक्तियों के पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### संगठन का उद्देश्य और भूमिका

वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन, आरएसएस से संबद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जैसी संस्थाओं के साथ समन्वय कर कार्य करता है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य वनवासी समाज का शैक्षिक व सामाजिक उत्थान, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, सनातन परंपराओं एवं सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण तथा स्थानीय नेतृत्व का विकास करना है। यह बैठक न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बनी, बल्कि वनवासी परिवारों के कल्याण और उनकी परंपराओं की रक्षा के प्रति फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को भी पुनः रेखांकित करती हैं।

उपस्थित प्रबुद्धजनों हेमलाल सारवा, संजय लुकड, गौतम राव, अशोक लुकड, सुमित राव एवं अर्जुन वेकको ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद मिठाई वितरण के साथ बैठक का समापन हुआ।

## वाहनों की जांच करने परिवहन विभाग ने टोल प्लाजा पर लगाया ई-डिटेक्शन सिस्टम

# टोल प्लाजा से निकलते ही वाहन मालिकों को मोबाइल में मिल रहा ई-चालान का मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

■ टोल प्लाजा में फास्टैग स्कैन करते ही वाहनों के बीमा, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, फिटनेस की हो रही जांच




अब वाहन के दस्तावेज जैसे कि इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाइसेंस में कोई भी कमी पाई जाती है तो टोल प्लाजा से निकलते ही चालान कट रहा है। सरकार ने हाईटेक ऑटोमेटेड सिस्टम लागू किया है, जो फास्टैग स्कैन करते ही वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से जुड़े दस्तावेजों को डिजिटल रूप से चेक करता है। बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार ने वाहनों के बीमा, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट (पीयूसी) एवं फिटनेस की अवधि समाप्त होने की जांच करने के लिए टोल प्लाजा पर ही ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाने का कार्य शुरू किया है।

पहले चरण में हाईवे के टोल प्लाजा पर ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इसके बाद स्टेट हाईवे के टोल प्लाजा पर इस सिस्टम लगाने का कार्य शुरू किया गया है। इस तंत्र को सीधे परिवहन विभाग के सर्वर से जोड़ दिया गया है। अब राजमार्ग पर तो वाहन को कोई नहीं रोकेगा लेकिन गाड़ी का बीमा खत्म है, पीयूसी नहीं है या फिटनेस फेल है तो टोल से गुजरते ही वाहन का चालान अपने आप कटेगा और मोबाइल पर संदेश आ रहा है। इसकी जानकारी परिवहन विभाग रायपुर के सहायक आयुक्त सीएल देवांगन ने दी है।

**अलग खबर**

### ग्रामीण क्षेत्र में भी लगे कैमरे

बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग के मुख्यालय की ओर से बस्तर जिले में लगभग आधा दर्जन कैमरे ग्रामीण क्षेत्र में भी लगाए गए और परिवहन विभाग से जोड़ा गया। उस रोड में आने-जाने वाले वाहनों को डिटेक्शन कर रहे हैं। विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि वाहनों की जांच के लिए बोरपदर, राजनगर, छेपड़ागुड़ा एवं बकावंड में कैमरे लगाए हैं, जो मुख्यालय से जुड़े हैं।

### शिकायतों को भेजा मुख्यालय

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहन मालिकों द्वारा दिए गए शिकायतों को परिवहन विभाग के मुख्यालय भेज दिया गया है। इसका निराकरण मुख्यालय से ही होगा।

### कागजात वैध फिर भी कटा ई-चालान

बताया जा रहा है कि वाहन के सभी दस्तावेजों जैसे प्रदूषण, बीमा और फिटनेस के टोल प्लाजा पर लगे कैमरे अब इन्हें चेक कर रहे हैं, वाहनों के सभी कागजात वैद्य होने के बावजूद टोल प्लाजा से मोबाइल में ई-चालान कटने का मैसेज भेज रहे हैं। बस्तर के टोल प्लाजा से वाहन मालिकों को गलत ई-चालान मिलने की शिकायतें आ रही हैं, जिसमें 10 मालिकों ने जगदलपुर आरटीओ में शिकायत दर्ज कराई है। वाहनों के सभी कागजात वैद्य होने के बावजूद ई-चालान कटे हैं, जिससे वाहन मालिकों में असंतोष है।

# पंडूम धार्मिक अनुष्ठान, इसे सांस्कृतिक आयोजन का रूप देना अनुचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम

■ बस्तर पंडूम शब्द के प्रयोग पर आदिवासी समाज की कड़ी आपत्ति

अनुसूचित क्षेत्र बस्तर में बस्तर पंडूम नाम से आयोजित किए जा रहे शासकीय एवं सार्वजनिक आयोजनों को लेकर आदिवासी समाज ने गहरी आपत्ति दर्ज कराई है। सर्व आदिवासी समाज, जिला बीजापुर के अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम एक आपत्ति ज्ञापन समाज के प्रतिनिधियों ने जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे को सौंपा है।

जग्गूराम तेलामी ने बताया कि पंडूम कोई उत्सव, प्रदर्शन या प्रचारात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पेन परंपरा से जुड़ा एक पवित्र धार्मिक अनुष्ठान है। इसे मंचीय कार्यक्रम या सरकारी आयोजन के रूप में प्रस्तुत करना आदिवासी आस्था और परंपरा का सीधा अपमान है। समाज की ओर से स्पष्ट किया गया कि पंडूम में बुढ़ाल पेन, सज़ोर पेन, डांड राव पेन, गांव गोसिन सहित अन्य पेन (देवताओं) की विधिवत पूजा की जाती है, जिसमें परंपरागत पुजारी, सिरहा, गायता द्वारा प्राकृतिक फल, फूल, अनाज एवं वनोपज अर्पित किए जाते हैं। यह अनुष्ठान निश्चित स्थान, समय, तिथि, परंपरागत व्यक्ति एवं विधि-विधान के अनुसार सम्पन्न होता है। इन शर्तों के बिना किसी भी आयोजन को पंडूम कहना परंपरा का विकृतिकरण बताया गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार पंडूम शब्द का शासकीय उपयोग संविधान के अनुच्छेद 244, 29, 13 एवं पेसा पेसा अधिनियम 1996 की भावना के विरुद्ध है, क्योंकि इन प्रावधानों के तहत आदिवासी समाज को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा की रक्षा का अधिकार प्राप्त है। सर्व आदिवासी समाज ने शासन से मांग की है कि बस्तर पंडूम शब्द का प्रयोग सभी शासकीय आयोजनों में तत्काल बंद किया जाए। सभी दस्तावेजों, प्रचार सामग्री एवं मंचीय कार्यक्रमों से यह शब्द हटाया जाए।भविष्य में किसी भी आदिवासी परंपरागत शब्द के उपयोग से पूर्व ग्राम सभा एवं धार्मिक पदधारियों की सहमति अनिवार्य की जाए। अनुसूचित क्षेत्रों में सांस्कृतिक आयोजनों हेतु पेसा के अनुरूप स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ।

ज्ञापन के अंत में समाज ने स्पष्ट किया कि यह विरोध किसी व्यक्ति या आयोजन के विरुद्ध नहीं, बल्कि आदिवासी धार्मिक आस्था, संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान पांडुराम तेलाम, श्रवण सैंड्रा, लक्ष्मण कड़ती, प्रवीण उईका, सतीश मंडावी सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# योग के महत्व व दैनिक जीवन में उपयोग को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

■ जिला स्तरीय पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण संपन्न




छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के आदेशानुसार एवं राज्य से ज्ञान प्रकाश द्विवेदी के निर्देशन और डाइट प्राचार्य वेंकट रमन के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बीजापुर जिले के चारों विकासखंड के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याताओं का जिला स्तरीय पांच दिवसीय, आवासीय योग प्रशिक्षण एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित डीआरजी के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बीजापुर में 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक डाइट फेकल्टी एवं विकासखंडों से आए बीआरजीएस की उपस्थिति में पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ होते हुए संपन्न हुआ।

जिले के सभी विकासखंड से चयनित योग प्रशिक्षार्थियों का डीआरजीएस के माध्यम से राज्य से प्रदाय समय सारणी अनुसार प्रतिदिन प्रातः कालीन योग अभ्यास करते हुए, दिवसवार योग का परिचय एवं महत्व, सावधानियां, योग को प्रभावी बनाने के उपाय, विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्व, अष्टांग योग, षट्कर्म, प्राणायाम, योग मुद्राएं, बंध, योग द्वारा विद्यार्थी में व्यक्तित्व का विकास, योग एवं तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य के विकास में योग की भूमिका, सूर्य नमस्कार का महत्व, नैतिक परक शिक्षा का विद्यार्थी जीवन में महत्व, मद्यपान एवं नशीले पदार्थों से बचाव का उपाय, रोग प्रतिरोधक शक्ति का विकास हेतु उपयोगी योगासन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का महत्व, योग द्वारा प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, यातायात के सामान्य नियम, अनुभव कथन इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा करते हुए समझ विकसित किया गया।

समय सारणी अनुसार प्रतिभागियों द्वारा विकासखंडवार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम जैसे - नाटक, गीत, नृत्य आदि के माध्यम से योग शिक्षा के महत्व को बताया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाइट प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों से चर्चा परिचर्चा करते हुए, योग के महत्व एवं दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में विस्तार से बताया और योग शिक्षा को विद्यालय में बेहतर रूप से संचालित करने का अनुरोध किया। योग मास्टर ट्रेनर्स जरासन सोनवानी, बल्लू राम नेताम, गणेश सोढ़ी एवं अंबेलता मिंज द्वारा सभी योगासनों की जानकारी प्रयोगिक एवं सैद्धांतिक रूप से देते हुए कुशलता पूर्वक योग करने एवं शालाओं में करवाने हेतु प्रेरित किया। प्री टेस्ट एवं पोस्ट टेस्ट का आयोजन भी हुआ।

प्राचार्य द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। तत्पश्चात सभी की उपस्थिति में फोटो सेशन के साथ योग प्रशिक्षण का समापन हुआ।

## विनायक गोयल के प्रयासों से चित्रकोट विधानसभा में विकास की गति हुई तेज



**लोहंडीगुड़ा।** चित्रकोट विधानसभा में 122 करोड़ के सड़कों की सौगात देने के लिए विधायक विनायक गोयल को लोहंडीगुड़ा भाजपा मंडल महामंत्री सावेंन्द्र सेठिया ने धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि विनायक गोयल के प्रयासों से चित्रकोट विधानसभा में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि 122 करोड़ के सड़कों की सौगात मिलने से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी और व्यापार-व्यवसाय में भी वृद्धि होगी। सेठिया ने कहा कि विनायक गोयल ने हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है और उनकी इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़कें न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने आगे कहा कि विनायक गोयल के नेतृत्व में चित्रकोट विधानसभा में विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने हमेशा विनायक गोयल का समर्थन किया है और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर सेठिया ने विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी इस पहल से क्षेत्र के लोगों का जीवन आसान होगा और विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि विधायक की इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा और उनका जीवन आसान होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़कें न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

# कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर कई लोगों ने थामा हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घाटलोहंगा/भोंड

■ मनरेगा बचाओ संग्राम मोहलई में करपावंड मंडल की बैठक



मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत आज बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर स्थित ग्राम मोहलई में करपावंड मंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त सेक्टरों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में मनरेगा योजना की वर्तमान स्थिति, मजदूरों को मिल रहे रोजगार, मजदूरी भुगतान, कार्यों की पारदर्शिता एवं केंद्र सरकार की कथित उदासीनता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं बस्तर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण यह योजना लगातार कमजोर की जा रही है।

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर मनरेगा से जुड़ी समस्याओं को सामने लाएं और मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संगठित होकर संघर्ष करें।

कार्यक्रम के पश्चात एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब भाजपा से जुड़े कई लोगों ने विधायक के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की कांग्रेस की विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों और जनसंघर्षों से प्रभावित होकर इन लोगों ने कांग्रेस में विश्वास जताया। विधायक ने सभी नवप्रवेशी साथियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया उन्होंने सभी से पार्टी हित में ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने तथा मनरेगा बचाओ संग्राम को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान मौजूद रहे बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, मानसिंग क़वाशी, हेमंत कश्यप,गोपाल कश्यप, सोनाधर कश्यप, बद्रीनाथ जोशी, उत्तम नाइक, गणेश भारती, गणपत नेताम, अमर सिंह बघेल, कुंती बघेल, धनुर्जय बघेल, तुलसीराम ठाकुर, हेमकुमार कश्यप एवं समस्त कार्यकर्त्तागण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### महाराष्ट्र में मोदी मैजिक की प्रामाणिकता सिद्ध : देव

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों के चुनाव नतीजों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ये नतीजे महाराष्ट्र में मोदी मैजिक की प्रामाणिकता सिद्ध कर रहे हैं। निकाय चुनावों में



भाजपानीत महायुति की शानदार जीत को देव ने महाराष्ट्र के सुशासन मॉडल की ऐतिहासिक जीत बताया और कहा कि सुशासन, विकास और सौहार्दता पर महाराष्ट्र की नगरीय व शहरी जनता ने अपनी मुहर लगाई है, डबल इंजन की सरकार पर उसने विश्वास व्यक्त किया है, सरकार के द्वारा किए गए विकास पर विश्वास किया है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं में से भाजपानीत महायुति ने 25 पर अपना परचम लहरा दिया है और बीएमसी में भी वह बम्पर जीत की ओर बढ़ रही है। देव ने कहा कि महाराष्ट्र के ये चुनाव नतीजे ऐतिहासिक हैं। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में महायुति के निर्वाचित प्रतिनिधि एक-एक शहर में परिवर्तन लाएंगे। जनता जनार्दन ने सारे प्रकार के हथकण्डों को धता बताते हुए विकास और सुशासन पर भरोसा किया है और महागठबंधन को जनता ने महाठगबंधन करार दिया है।

### भाजपा की ताकत उसकी सक्रिय कार्यकर्ता : पाण्डेय



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने शुक्रवार को पदाधिकारियों, मोर्चा के अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों की आवश्यक बैठक ली। जिला कार्यालय में आहूत बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ता है। सभी को निर्देशित किया कि वे समन्वय के साथ क्षेत्र में निरंतर जनसंपर्क बनाए रखें तथा पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं। बैठक में मंडल स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही संगठन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बस्तर में फिर लौटी कड़ाके की ठंड, पारा लुढ़ककर 9 डिग्री पर पहुंचा

## नदी तटीय इलाकों में न्यूनतम तापमान 6–7 डिग्री, अलाव बना जीवनरेखा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बस्तर संभाग में एक बार फिर ठंड ने अपना तीखा तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों तक जहां ठंड का असर कुछ हद तक कम हुआ था और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया था,वहीं पिछले दो दिनों से मौसम ने अचानक करवट ले ली। तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है और अब न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है।

इस अचानक आई ठंडक से जनजीवन पर साफ असर दिखाई देने लगा है। खासकर बस्तर के ग्रामीण क्षेत्रों में ठंड का कहर ज्यादा महसूस किया जा रहा है। नदी तटीय और खुले इलाकों में ठिठुरन और भी ज्यादा बढ़ गई है। कई स्थानों पर न्यूनतम तापमान 6 से 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुँचने की बात सामने आ रही है,जिससे सुबह और शाम का समय लोगों के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। ग्रामीण अंचलों में लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने को मजबूर हैं। खेत-खलिहानों और घरों के बाहर जलते अलाव अब आम नजारा बन चुके हैं। बुजुर्गों,बच्चों और महिलाओं पर ठंड का असर ज्यादा देखा जा रहा है। वहीं पशुपालकों और मजदूर वर्ग को भी सुबह-सुबह काम पर निकलना कठिन हो गया है। इधर शहरों में भी ठंड का असर कम नहीं है। सुबह से ही लोग गर्म कपड़ों,स्वेटर,जैकेट और शाल में लिपटे नजर आ रहे हैं। शाम ढलते ही ठंड और तेज हो जाती है,जिसके चलते लोग घरों में ही दुबकने को मजबूर हो रहे हैं। बाजारों में शाम के समय रौनक पहले के मुकाबले कम दिखाई देने लगी है। मौसम के इस बदले मिजाज ने बस्तर अंचल में ठंड को एक बार फिर चर्चा का विषय बना दिया है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर से आ रही ठंडी हवाओं के कारण आने वाले कुछ दिनों में ठंड और बढ़ सकती है,जिससे तापमान में और गिरावट संभव है।



### ठंड के तेवर और जनजीवन पर असर

पिछले दो दिनों में बस्तर संभाग में तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई है। जहां कुछ दिन पहले न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया था,वहीं अब यह 9 डिग्री पर आ गया है। ग्रामीण और नदी तटीय इलाकों में स्थिति और भी गंभीर है, जहां कई स्थानों पर तापमान 6–7 डिग्री तक लुढ़क गया है। इससे लोग सुबह-शाम अलाव जलाने को मजबूर हैं। शहरों में भी लोग गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आ रहे हैं और शाम होते ही घरों में सिमट जा रहे हैं। ठंड के इस बढ़ते असर ने बस्तर में जनजीवन की रफ्तार को धीमा कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### पदभार ग्रहण और किसान सम्मेलन आज




**जगदलपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश कश्यप और उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा कल 18 जनवरी को पदभार ग्रहण करेंगे। बैंक परिसर के सामने वीर सावरकर भवन में पदभार ग्रहण और किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां पूरे संभाग से प्रमुख जनप्रतिनिधि और किसान शामिल होंगे। गौरतलब है कि पूर्व सांसद दिनेश कश्यप पहले भी बैंक के अध्यक्ष रह चुके है। जबकि भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास मिश्रा संगठन के प्रमुख पदों के साथ साथ किसान मोर्चा के अध्यक्ष और प्रदेश प्रतिनिधि रहे है। लंबे समय तक निस्वार्थ भाव से संगठन का काम कर आम लोगों की सेवा करने के फलस्वरूप उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। वे प्रखर वक्ता भी है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि शासन की रीति नीति और योजनाओं का लाभ किसानों के साथ साथ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

### पंडूम के नाम पर संस्कृति का बाजारीकरण बंद करे शासन : लखेश्वर

**जगदलपुर।** इन्द्रावती नदी बचाओ समिति के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ आदिवासी सामाजिक चिंतक एवं पूर्व सैनिक लखेश्वर कश्यप ने शासन द्वारा 'पंडूम उत्सव' के नाम पर किए जा रहे करोड़ों रुपये के खर्च पर तीखा सवाल उठाते हुए इसे बस्तर की आत्मा से छेड़छाड़ करार दिया है। लखेश्वर कश्यप ने कहा कि शासन को स्वयं यह स्पष्ट नहीं है कि वास्तविक पंडूम क्या है,फिर भी इसे एक औपचारिक, मंचीय और प्रचारात्मक आयोजन में बदलकर आदिवासी संस्कृति का विकृतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंडूम बस्तर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है।



## वन मंत्री ने महापौर एवं नागरिकों के साथ किया श्रमदान

# केदार ने रापा व तगाड़ी लेकर की साफ सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शहर के ऐतिहासिक धरोहर दलपत सागर में शनिवार की सुबह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे की पहल पर वन मंत्री केदार कश्यप ने सहभागिता दी और आमजनमानस को स्वच्छता का संदेश दिया।

- दलपत सागर में चला स्वच्छता अभियान, बसंत पंचमी को होगा दलपत दीपोत्सव

सुबह 8 बजे प्रारंभ हुआ स्वच्छता अभियान लगभग 4 घंटे तक चला। अभियान के दौरान आसपास की सफाई, कचरे का संग्रहण, झाड़ियों एवं जलकुंभी हटाने तथा घाटों के आसपास फैली गंदगी को साफ किया गया। इस वन मंत्री ने हाथों में रापा व तगाड़ी लेकर सफाई में भाग लिया। उन्होंने न केवल श्रमदान किया, बल्कि उपस्थित नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के लिए प्रेरित भी किया। वन मंत्री ने कहा कि दलपत सागर शहर की पहचान है इसे स्वच्छ, सुंदर एवं सुरक्षित बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। नगर निगम द्वारा चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान प्रशंसनीय है। जब जनप्रतिनिधि और आम नागरिक एक साथ श्रमदान करते हैं तो समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं बल्कि हमारी आदत बननी चाहिए। दीपोत्सव जैसे सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सहभागिता को मजबूती मिलती है। उन्होंने कहा

नगर निगम लंबे समय से दलपत सागर के चारों ओर सफाई अभियान चला रहा है। इसका उद्देश्य दलपत सागर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ आगामी आयोजनों के लिए बेहतर वातावरण तैयार करना है। केदार कश्यप ने कहा कि एक दिया स्वच्छता के नाम, एक दिया वंदे मातरम के नाम थीम है।

आगामी 23 जनवरी को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर जिला प्रशासन एवं नगर निगम द्वारा दलपत सागर में भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाना है। पिछले चार वर्षों से लगातार दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है और हर वर्ष इसमें नागरिकों की सहभागिता बढ़ती जा रही है। इस मौके पर नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे, एमआईसी सदस्य, निगम आयुक्त, पूर्व महापौर सफीरा साहू , मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, पार्षद, जनप्रतिनिधिगण, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर, नागरिक, पीटीएस के जवान, महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल की एनएसएस छात्राएं समेत मेरा भारत-बस्तर के सदस्य, गेलवे की टीम शामिल रहे।




### प्रतिदिन जल रहे 101 दीपक

महापौर ने बताया कि दीपोत्सव के प्रचार-प्रसार एवं जनभागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिदिन दलपत सागर में 101 दीपक प्रज्वलित किए जा रहे हैं। इसमें प्रतिदिन जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न समाज प्रमुख, सामाजिक संगठन, संस्थाएं एवं शहरवासी सहभागिता निभा रहे हैं।

## पालनार की टीम 3 ओवर में ही 33 रन बनाकर मैच जीता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

दन्तेवाड़ा में अमर शहीदों की स्मृति में पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शहीद हुये जवानों की स्मृति में शौर्य स्मृति क्रिकेट लीग का तीसरा दिन है।

इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुड़ामी, 2 आईसी विवेक कुमार सिंह सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खूंटे के गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर उप पुलिस अधीक्षक नसरूल्ला सिद्दकी, उप पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार उइके , उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुंभकार, रक्षित निरीक्षक- सुशील नौटियाल, सिटी कोतवाली निरीक्षक धनंजय सिन्हा, निरीक्षक ताती मुकेश डीआरजी और बड़ी संख्या में खिलाडी, क्रिकेट प्रेमी व आम नागरिक मौजूद रहे।

टूर्नामेंट के तीसरे दिन का प्रथम मैच कटेकल्याण ए एवं पालनार के मध्य खेला गया जिसमें पालनार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। कटेकल्याण द्वारा 32 रन का लक्ष्य दिया गया, पालनार की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 3 ओवर में ही 33 रन बनाकर मैच को जीत गए, इस मैच के मेन ऑफ़ द मैच राहुल वेट्टी रहे जिन्होंने 24 रन बनाये व 2 विकेट लिए। प्रतियोगिता का दूसरा मैच सीआरपीएफ एवं किरंदुल ए के मध्य खेला गया, जिसमें किरंदुल ए ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, सीआरपीएफ की टीम ने 92 रन का लक्ष्य दिया। जिसको पीछा करते हुए किरंदुल ए की टीम ने 7.5 ओवर में 92 रन बनाकर मैच को जीत लिया। इस मैच के मेन ऑफ द मैच समीर रहे जिन्होंने टीम की जीत में 27 रन बनाए।

इसके पश्चात आज दिन का अंतिम मैच किरंदुल ए एवं पालनर के मध्य खेला गया, जिसमें किरंदुल ए ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया, पालनर के टीम ने 89 रन का लक्ष्य दिया। किरंदुल ए की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 8.2 ओवर में ही छक्के के साथ 95 रन बनाकर मैच को जीत गए, इस मैच के मेन ऑफ द मैच सरोज रहे, जिन्होने 34 रन बनाए एवं 02 विकेट लिए और टीम ने जीत हासिल करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

## दंतेवाड़ा वेयरहाउस में कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटेकल्याण

दंतेवाड़ा के चितलंका वेयरहाउस में चावल के खराब होने और घुन लगने के समाचार पर कलेक्टर के निदेर्शानुसार खाद्य विभाग नागरिक आपूर्ति निगम, एसडब्ल्यूसी के संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

इस संबंध में वेयरहाउस में भंडारित चावल का जांच किया गया। जांच में जालें लगे या कीड़े युक्त स्टॉक नहीं पाया गया। गोदाम में भण्डारित चावल की गुणवत्ता जांच सही पाया गया। आश्रमों और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए जारी किया जाने वाला चावल पूरी तरह से सुरक्षित और उपभोग के योग्य बताया गया। गोदाम में भंडारित चावल की मात्रा और खपत नागरिक आपूर्ति निगम के मुख्यालय द्वारा वार्षिक आवश्यकता के अनुसार कार्य योजना बनाकर निर्धारित किया जाता है। दंतेवाड़ा जिला चावल सीएमआर में कमी वाला जिला है। जिसके कारण ही भंडार गृह में चावल का संग्रहण बफर स्टॉक के रूप में किया जाता है ताकि आपात स्थिति में आपूर्ति बाधित न हो। भंडारण क्षमता का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है।

दल के द्वारा जांच में पाया गया कि वितरण से पूर्व प्रत्येक लॉट की जांच की जा रही है। यदि किसी बोरी में नमी या मामूली क्षति पाई जाती है तो उसे तत्काल अलग कर दिया जाता है और उसे स्टॉक से हटा दिया जाता है।

### खस्ताहाल सड़क में चलना कठिन, कंगोली सड़क मरम्मत व जीर्णोद्वार पर आयुक्त को ज्ञापन



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के मार्गदर्शन में उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने एलआईसी रोड कंगोली में सड़क मरम्मत व उसके जीर्णोद्धार को लेकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि एलआईसी रोड काफी समय से खराब है। बावजूद अब तक सड़क की सुध नहीं ली जा रही है। आए दिन लोगों की परेशानीयां बढ़ती जा रही है। सड़कें खराब होने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है धुल से लोग परेशान हैं । इसके बावजूद नगर निगम अब तक सड़क का डामरीकरण नही कर रहा है। सड़क को तत्काल मरम्मत एवं जीर्णोद्वार किया जाये अन्यथा कांग्रेस इस विषय को लेकर धरना प्रदर्शन करने बाध्य होगी। इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, पार्षद सुशीला बघेल, अनुराग महतो, एस नीला, रजत जोशी, मुकेश निषाद, अजय पांडे, मौजूद रहे।

## मानव निर्माण की पाठ्यनीति है एनईपी : पाठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को 'भारतीय ज्ञान परंपरा और विकसित भारत-2047 की संकल्पना' विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा गया कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत नहीं,बल्कि वर्तमान और भविष्य का मार्गदर्शक है। हमारे विचार, जीवनशैली और सामाजिक मूल्यों में इसके तत्व पहले से ही मौजूद हैं, आवश्यकता है तो इन्हें प्रमाणिक रूप से समझने, आत्मसात करने और विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने की।

- भारतीय ज्ञान परंपरा से ही बनेगा विकसित भारत-2047 का आधार

कार्यशाला में यह विचार प्रमुखता से उभरा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखकर युवाओं के सर्वांगीण विकास की राह खोलती है। यह नीति केवल रोजगारोन्मुखी नहीं, बल्कि मूल्यनिष्ठ,नैतिक और मानवीय दृष्टिकोण को मजबूत करने वाली है। वक्ताओं ने कहा कि विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं,बल्कि सांस्कृतिक,सामाजिक और नैतिक उन्नति भी है। जनजातीय संस्कृति सहित भारत की विविध सांस्कृतिक धाराओं को साथ लेकर चलना ही समावेशी विकास की सच्ची पहचान है।



कार्यक्रम में यह भी रेखांकित किया गया कि यदि देश वर्तमान विकास दर को बनाए रखता है तो आने वाले वर्षों में वह विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा। इसके लिए स्वावलंबन, तकनीक आधारित शिक्षा,भारतीय दृष्टिकोण से विषयों का अध्ययन और मानव संसाधन के समुचित उपयोग पर बल दिया गया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि भारतीय प्राचीन ज्ञान ही आगे चलकर आधुनिक ज्ञान का आधार बना, जिसे अब पुनः अपने देश में सम्मान और व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। इस दौरान अपने विचार रखने वालों में लाल बहादुर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,दिल्ली के पूर्व कुलपति प्रो आरपी पाठक,शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव,शासकीय शिक्षा महाविद्यालय कांकेर के प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश मिश्रा तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा के शिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ प्रमोद कुमार गुप्ता शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ रश्मि देवांगन ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ कुश कुमार नायक द्वारा किया गया।




## शिल्पकारों को आत्मनिर्भर बनाना और आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना है उद्देश्य : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

बेलमेटल (डोकरा) हस्तशिल्प को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 100 बेलमेटल शिल्प कारीगरों को टूलकिट का वितरण शुक्रवार को किया गया। यह कार्यक्रम वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से आयोजित किया गया। जिसे बस्तरशिल्प हैंडीक्राफ्ट्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड ने क्रियान्वित किया।

- 100 हस्तशिल्पकारों को दिए गए टूलकिट

मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप ने कहा कि बस्तर का हस्तशिल्प हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की पहचान है और यह हजारों कारीगरों की आजीविका का मजबूत आधार भी है। केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का मुख्य उद्देश्य कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से जोड़ना है। इस अवसर पर हस्तशिल्प सेवा केन्द्र के सहायक निदेशक मनोज राठी ने कहा कि उपयुक्त और आधुनिक औजार मिलने से कारीगरों की उत्पादकता, गुणवत्ता और कार्यक्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा, जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेहतर प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। बस्तरशिल्प हैंडीक्राफ्ट्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के प्रतिनिधि प्रबीर कुमार बनिक ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल टूलकिट उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि कारीगरों को संगठित कर उन्हें प्रशिक्षण, बाजार से जोड़ना और उनके उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में भी बस्तरशिल्प कारीगरों के हित में इस प्रकार की योजनाओं को निरंतर आगे बढ़ाएगा।



टूलकिट वितरण से बेलमेटल शिल्प से जुड़े कारीगरों को आधुनिक एवं आवश्यक औजार प्राप्त हुए हैं, जिससे उनके कार्य में आसानी होगी, उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और आय में सुधार होगा।

